भूतपूर्व संसद्-सदस्यों से मालियों की सेवाओं के लिए वसूल की गई राशि को वापस करना

115. **श्री विभूति मिश्र :** क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या भंग हुई लोक सभा के व सदस्य जो किराया देकर चुनावों तक आवास-स्थानों में रह रहे थे, माली की सेवाओं आदि पहले जैसी सुविधाओं को प्राप्त करने के पात्र थे;

(ख) यदि हाँ, तो क्या उनके बंगलों से मालियों को हटा दिया गया था उन्हें सामान्यत किसी अन्य काम पर लगा दिया गया था,

(ग) यदि हा, तो क्या सरकार इस प्रश्न पर विचार करेगी कि मालियो के सेवा-प्रभारो के रूप में तथा बागीचों तथा फुलवारी आदि के रख-रखाव के लिए उन सदस्यो से वसूल की गई राशि को वापस कर दिया जाए, और

(घ) यदि हा, तो इसके क्या कारण हैं ?

निर्माण और आवास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आई० के० गुजराल) (क) जी, हाँ ।

(ख) जी, नही ।

(ग) तथा (घ) ऊपर (क) तथा (ख) को देखते हुए प्रश्न ही नहीं उठता ।

विलिंगडन अस्पताल, नई दिल्ली में बिस्तरों और दवाइयों की कमी

116. **श्री ईश्वर चौधरी :**
श्री आर० बी० बड़े

क्या स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस आशय की शिकायतें प्राप्त हुई है कि विलिंगडन अस्पताल, नई दिल्ली में दवाइयो की कमी है और यहाँ तक कि एक बिस्तर पर दो-दो रोगियो को रखा जाता है, और

(ख) यदि हाँ, तो ऐसी कितनी शिकायतें आई है और उक्त कमियों को दूर करने के लिए तैयार की गई योजना का ब्यौरा क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय मे उपमंत्री (श्री ए० के० किस्कू) (क) और (ख) 25 मार्च, 1971 को विलिंगडन अस्पताल, नई दिल्ली मे एक पलंग पर दो रोगियो को रखने के बारे मे केवल एक ही शिकायत मिली थी । जैसे, विलिंगडन अस्पताल, नई दिल्ली मे दवाइयो की कोई कमी नहीं है और ना ही इस बारे में कोई शिकायत मिली है । इस प्रकार की शिकायतें दुबारा न आए, इसके लिए रोगियों को विशेषज्ञो द्वारा ही छुट्टी दिये जाने की प्रणाली को इस प्रकार बनाया जाएगा ताकि सुयोग्य सहायक इस संबंध मे अपना स्वतंत्र निर्णय दे सकें ।

Exploration of Oil and Natural Gas in Tripura

117 SHRI BIREN DUTTA Will the PETROLEUM AUR RASAYAN MANTRI be pleased to state

(a) whether the exploration work for oil and Natural Gas in Tripura is proceeding according to schedule,

(b) whether any indication has been found in respect of oil, and

(c) the amount allotted for the work at present ?

PETROLEUM AUR RASAYAN MANTRI (SHRI P C SETHI) (a) Yes, Sir

(b) It is premature to state anything in